श्री अशोक कुमार, माननीय स०वि०प० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-1/212/167 (ता.प्र.सं.-145) से उद्भूत आश्वासन संख्या-03 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन

	प्रश्न	आश्वासन	अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन
	क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	**श्री विजय कुमार चौधरी (मंत्री):** महोदय, अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि:- फुलवरिया जलाशय योजना से निःसृत नहरों में जलश्राव प्रवाहित कर रजौली, सिरदला एवं नरहट प्रखंड के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। वर्ष 2025-26 में खरीफ सिंचाई हेतु नहरों में जलश्राव दिनांक 01.06.2025 से 31.10.2025 तक दिया गया तथा रब्बी सिंचाई हेतु नहरों में जलश्राव दिनांक 20.12.2025 से 31.03.2026 तक जलाशय में जल उपलब्धता एवं किसानों के मांगों के अनुसार जलश्राव दिया जा रहा है। खरीफ सिंचाई अवधि वर्ष 2025 में लक्ष्य 6620 हे० के विरुद्ध 6620 हे० की उपलब्धि प्राप्त की गई है एवं रब्बी सिंचाई अवधि वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 2015 हे० के विरुद्ध 2015 हे० की उपलब्धि प्राप्त की गई है। रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण, सिरोडाबर, टकुआटांड आदि पंचायतों के दर्जनों गांवों में फुलवरिया जलाशय से निःसृत दायाँ मुख्य नहर से खरीफ सिंचाई अवधि वर्ष 2025 में लक्ष्य 1120 हे० के विरुद्ध 1120 हे० तथा रब्बी सिंचाई अवधि वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 805 हे० के विरुद्ध 805 हे० की उपलब्धि प्राप्त की गई है। फुलवरिया जलाशय में जल की उपलब्धता एवं किसानों के माँग के अनुरूप नहरों में जलश्राव कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। **श्री अशोक कुमार :** महोदय, जवाब मिला है महोदय, मेरा मांग था महोदय, फुलवरिया जलाशय का पानी नियमित रूप से किसानों को नहीं मिल रहा	प्रश्न में वर्णित फुलवरिया जलाशय से निःसृत बायां मुख्य नहर में कंक्रीट (पी०सी०सी०) कार्य दिसम्बर 2025 में पूर्ण कर लिया गया है तथा रब्बी सिंचाई 2025-26 में जलश्राव प्रवाहित कराकर सिंचाई सुविधा दी गयी है। इसके अतिरिक्त नाबार्ड मद से फुलवरिया जलाशय योजना से निःसृत नहर प्रणालियों का पुनर्स्थापन कार्य कराया जा रहा है, जिससे लगभग 2140 हे० ह्रासित सिंचाई क्षमता को पुनर्स्थापित करने के फलस्वरूप कुल सिंचाई क्षमता 8760 हे० हो जायेगी।
(क)	क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली फुलवरिया जलाशय का पानी नहरों (कनाल) में नहीं छोड़े जाने के कारण किसानों की जमीनें सूखी पड़ी हैं;		
(ख)	क्या यह सही है कि रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण, सिरोडाबर, टकुआटांड आदि पंचायतों के दर्जनों गांवों में पानी के अभाव के कारण फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ रहा है;		
(ग)	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में सिंचाई कार्य हेतु रजौली फुलवरिया जलाशय का पानी नहरों (कनाल) में छोड़ना चाहती है, जिससे गांव के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई योग्य		

	हो सके, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	है। इसका फायदा तीन प्रखण्ड को होता है रजौली, सिरदला एवं नरहट को लेकिन उसमें जो कैनाल है महोदय, उसमें कॉनक्रीट पी.सी.सी ढ़लाई का काम चल रहा है महोदय, और कॉन्ट्रैक्टर के द्वारा तय सीमा के अंदर में उसका निर्माण पूरा नहीं किया गया इसके कारण किसानों को सूचारू रूप से पानी नहीं मिल रहा है महोदय, और सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है महोदय । **श्री विजय कुमार चौधरी (मंत्री):** महोदय, फुलवरिया जलाशय में जल की उपलब्धता जब कम होती है तो पानी कम दिया जा सकता है, लेकिन अभी हमलोग अलग-अलग स्कीम बनाके जो हमारे विभिन्न जलाशय है। जहां पर कम बारिश के कारण जल का संग्रहन ही नहीं हो पाता है वैसी स्थिति के लिए अलग-अलग नदियों से जो बाढ़ का समय होता है और जो सरपल्स वाटर अतिरिक्त जल होता है। उसको हमलोग लेकर अपने जलाशय में जमा करे ऐसी योजना हमलोग बना रहे हैं। उस हालत में फुलवरिया में भी अलग से जल डालने की व्यवस्था हो जाएगी। अभी जो माननीय अशोक जी कह रहे हैं कि हमारे पास तो सूचना है कि पिछले 2025 के खरिफ में भी और अभी 2026 का रवि सीजन चल रहा है। इसमें भी किसानों को सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। वैसे हम फिर से वरीय अधिकारी से दिखवा लेते हैं।	

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक :......................

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–492 (6) दिनांक–10.04.2026 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–1/212/167 से उद्भूत आश्वासन सं0–03 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

Y

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 पटना/दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0प0–07–03/2026 3064 पटना/दिनांक : 4/6/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव